Fourteenth Loksabha

Session : 8
Date : 02-08-2006

Participants : Budholiya Shri Rajnarayan

>

Title : Need to provide special economic package to the farmers whose crops have been affected due to natural calamities in Budelkhand, Uttar Pradesh.

श्री राजनारायान् बुधौलिया (हमीरपुर, उ.प्र.) : उपाध्यक्ष महोदय, देश में पिछड़े क्षेत्रों के किसानों की हालत लगातार खराब होती जा रही है। माननीय प्रधान मंत्री जी ने विदर्भ क्षेत्र के लिए जो घोाणाएं की हैं, उसी तरह की घोाणाओं की आवश्यकता उत्तर प्रदेश के अति पिछड़े क्षेत्र बुन्देलखंड को भी है। लगातार चार र्वा में सूखा, बाढ़, ओलावृटि, पाला आदि से किसान भुखमरी की कगार पर पहंच गए हैं। प्रदेश सरकार ने सीमित संसाधनों के बावजूद यथोचित मदद की है लेकिन पिछले चार र्वाों के सूखा, बाढ़, ओलावृटि एवं पाले से हुए नुकसान को देखते हुए यह पर्याप्त नहीं है। उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा केद्र सरकार से कई बार विशो पैकेज की मांग की गई किन्तु आज तक कोई सहायता नहीं दी गई है।

अतः सदन के माध्यम से माननीय प्रधान मंत्री जी से मेरा अनुरोध है कि उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा केन्द्र से मांगे गए बुन्देलखंड के लिए विशो पैकेज की घोाणा शीघ्र की जाए जिससे समय रहते किसानों को पर्याप्त राहत मिल सके एवं आर्थिक तंगी एवं ऋणों के बोझ के कारण किसानों द्वारा की जा रही आत्महत्याओं का असर उत्तर प्रदेश के किसानों पर न पड़े तथा वे अपने परिवार का पालन-पोाण ठीक से कर सकें।